आकाशवाणी शिमला

16.07.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू को राज्य की हर सम्भव मदद का आश्वासन दिया है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। इस दौरान प्रधानमंत्री ने मुख्यमंत्री द्वारा उठाए गए सभी मुद्दों को गम्भीरता से सुना और उन्हें मदद का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने प्रधानमंत्री से भेंट के दौरान हिमाचल प्रदेश को हरित उर्जा सम्पन्न राज्य बनाने के लिए समर्थन मांगा। उन्होंने इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों से भी प्रधानमंत्री को अवगत करवाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्पिति में एक हजार मैगावॉट हाईब्रिड सौर और पवन उर्जा उत्पादन की क्षमता है जिसका ग्रीन कोरिडोर ट्रांसमिशन के माध्यम से दोहन किया जा सकता है। उन्होंने बी.बी.एम.बी. के पास लम्बित हिमाचल के एरियर को जारी करवाने में दखल की प्रधानमंत्री से मांग की। मुख्यमंत्री ने एस.जे.वी.एन और एन.एच.पी.सी. की बिजली परियोजनाओं को दी जा रही निशुल्क पावर रॉयल्टी का मुद्दा भी उठाया और इस संबंध में अनुकूल निर्णय लेने का आग्रह किया। उन्होंने कांगड़ा हवाई अड्डे के विस्तारीकरण के लिए विशेष अनुदान देने का भी आग्रह किया।

संजय अवस्थी

मुख्य संसदीय सचिव व कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष संजय अवस्थी ने भाजपा नेताओं पर झूठी अफवाहें फैलाने और लोगों को गुमराह करने का आरोप लगाया है। संजय अवस्थी ने आज शिमला में एक बयान में कहा कि भाजपा को विधानसभा उपचुनावों के परिणामों से सबक लेना चाहिए और प्रदेश के विकास में सरकार का सहयोग करना चाहिए क्योंकि राज्य की जनता ने उसे पूरी तरह नकार दिया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता ने उपचुनाव में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के विज़न पर मोहर लगाई है। संजय अवस्थी ने आरोप लगाया कि पूर्व भाजपा सरकार ने राज्य की अर्थव्यवस्था को तहस–नहस करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। प्रदेश पर 70 हजार करोड़ रूपए से अधिक का कर्ज भाजपा की ही देन है।

डीसी शिमला

उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप ने जिला के समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को उनके कार्यक्षेत्र में स्थापित बाल देखभाल संस्थान का निर्धारित समयावधि पर दौरा करने के निर्देश दिए हैं। उपायुक्त आज शिमला में मिशन वात्सल्य के अंतर्गत जिला बाल कल्याण व संरक्षण समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने जिला कार्यक्रम अधिकारियों को इन संस्थानों के बच्चों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इन संस्थानों में पढ़ रहे मेधावी छात्रों के साथ वे स्वयं और जिला पुलिस अधीक्षक वार्तालाप करेंगे।

कृत्रिम अंग

जिला शैक्षिक व प्रशिक्षण संस्थान सोलन में आज जिले के 23 दिव्यांग बच्चों को कृत्रिम अंग वितरित किए गए। ये कृत्रिम अंग भारत सरकार और प्रदेश सरकार के सामाजिक न्याय व अधिकारिता विभाग की तरफ से वितरित किए गए। इस मौके पर एस.डी.एम. पूनम बंसल ने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य दिव्यांग बच्चों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ना है ताकि ये विशेष बच्चे सहजता से अपनी जिंदगी जी सकें।

सेब सीजन

प्रदेश में सेब सीजन शुरू हो गया है। राज्य में सेब की आर्थिकी लगभग 55 सौ करोड़ के करीब है जिससे प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष तौर पर लोगों को रोजगार मिलता है। बागवानी विभाग ने इस बार प्रदेश में 2 करोड़ 91 लाख 42 हजार 800 पेटी होने का अनुमान लगाया है जो पिछले साल से 80 लाख अधिक है। राज्य सरकार ने इस बार केवल यूनिवर्सल कार्टन में ही सेब बेचने का निर्णय लिया है। जबकि टेलीस्कोपिक या अन्य कार्टन के इस्तेमाल पर कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा यूनिवर्सल कार्टन पर बीते साल की तुलना में 6 फीसदी कम जी एस टी लगेगा। इस बीच शिमला जिला के फागू और बलग में सेब नियंत्रण कक्षों ने काम करना शुरू कर दिया है। नियंत्रण कक्ष में सेब सीजन के दौरान बागवानी, राजस्व व पुलिस विभाग के कर्मचारी दिन रात तैनात रहेंगे।

मौसम

प्रदेश में धीमी गति से चल रहे मॉनसून अगले कुछ दिनों में फिर से रफतार पकड़ेगा। मौसम विभाग ने राज्य में 18 से 20 जुलाई तक कुछ स्थानों पर भारी वर्षा का यलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के स्थानीय निदेशक सुरेन्द्र पॉल के अनुसार हिमालय क्षेत्र में पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हुआ है जिसके प्रभाव से मॉनसून की वर्षा में तेजी आएगी। विभाग ने 18 से 22 जुलाई के दौरान राज्य में अनेक स्थानों पर वर्षा की सम्भावना जताई है। इस बीच प्रदेश में मॉनसून की रफतार धीमी पड़ने से लोगों को उमस भरी गर्मी का सामना करना पड़ रहा है।